


## एक नजर में

### सीएमओ ने इंटकवेल का निरीक्षण किया

**सारंगपुर 21 मई, सं.** गुरूवार को सीएमओ दीपक कुमार रानवे ने वार्ड क्रमाक 01 बायपास स्थित इंटकवेल का निरीक्षण किया. वहां मौजूद कर्मचारियों को भीषण गर्मी को देखते हुए निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करने और सभी मशीन (इक्यूपमेंट) चालू हालत में रखने के निर्देश िए. पानी की गुणवत्ता बनाये रखने व नगर में स्वच्छ जल सप्लाय हेतु आवश्यक निर्देश दिये तथा ग्रीष्म ऋतु में जल संकट से निपटने के लिए शासन निर्देशानुसार आवश्यक व्यावस्थायें /कार्यवाही करने के लिए जलप्रदाय शाखा प्रभारी को निर्देशित किया गया.मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा जल की शुद्धता, गंध आदि का परीक्षण किया जाकर निरीक्षण के दौरान इंटकवेल की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने व समय-समय पर सैंपलिंग करने और सभी आवश्यक उपकरणों को सुचारू अवस्था में रखने के निर्देश दिए.

### सेना भर्ती हेतु ऑनलाइन सीईई परीक्षा 01 जून से

**राजगढ़ 21 मई, का.** सेना में भर्ती के लिए ज्वाईन इंडियन आर्मी के वेबसाइट पर रजिस्टर करने वाले अभ्यामर्थियों के लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) की विभिन्न श्रेणियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा (सीईई) 01 जून से 12 जून तक 2 परीक्षा केंद्र भोपाल पर आयोजित की जाएगी. ऑनलाइन परीक्षा प्रत्येनक दिवस 4 शिफ्ट में आयोजित की जाएगी. इस बार से अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर टेक्निकल के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का टाइपिंग टेस्ट ऑनलाइन परीक्षा केंद्र पर ही लिया जायेगा. परीक्षा में सम्मालित होने वाले अभ्यांर्थी एडमिट कार्ड भारतीय सेना की वेबसाइट पर अपलोड कर सकते हैं.

### आंगनवाड़ी भर्ती की अंतिम सूची जारी

**राजगढ़ 21 मई, का.** जिले की महिला एवं बाल विकास परियोजना राजगढ़ द्वारा 23 आंगनवाड़ी केन्द्रों पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों के लिए जारी भर्ती प्रक्रिया में चयन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के आधार पर अनंतिम सूची जारी कर दी गई है. परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि खंड स्तरीय चयन समिति की बैठक के उपरांत चयन पोर्टल पर गुरुवार 21 मई को अनंतिम सूची प्रकाशित की है. साथ ही जारी सूची के विरुद्ध आगामी 7 दिवस के भीतर दावा एवं आपत्ति प्रस्तुत कर सकेंगे. दावा-आपत्ति केवल एमपी ऑनलाइन के चयन पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी.

### सार्थक ऐप में लापरवाही पर वेतन काटने के निर्देश

**राजगढ़ 21 मई, का.** सार्थक ऐप पर उपस्थिति में लापरवाही पाए जाने पर पशु चिकित्सा विभाग के कर्मचारी रामेश्वर जागड़े का तीन दिवस का वेतन काटने तथा कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश भी कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा दिए गए. विभिन्न पशुपालन योजनाओं के लक्ष्य एवं उपलब्धियों की भी समीक्षा की गई. साथ ही बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना, किसान क्रेडिट कार्ड पशुपालन, आचार्य विद्यासागर गोसंवर्धन योजना, समुन्नत पशु प्रजनन योजना अंतर्गत मुर्रा पाड़ा, बैकयार्ड कुक्कुट इकाई, नंदीशाला योजना एवं गोसेवक प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत लक्ष्य एवं उपलब्धियों की विस्तृत समीक्षा की गई.

# तपने के बजाय नरमी का रुख अपना रहा नौतपा


## वर्ष दर वर्ष अपनी तपन खो रहा नौतपा, तीन दिन बाद होगी शुरुआत, 2 जून तक प्री मानसून के साथ समापन

**पिछले तीन सालों में मध्यान्तर में नवतपे ने दम तोड़ा, दिन और रात के औसत तापमान में 10 डिग्री से ज्यादा का अंतर**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 21 मई, का. हर साल 25 मई से 2 जून तक ग्रीष्म ऋतु के नौतपे का क्रम होता है. भारतीय ज्योतिष मानकों के अनुसार सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है और नौ दिनों तक वह रोहिणी यानी सर्वाधिक ऊष्ण कटिबंध में अपनी यात्रा करता है. इसके बाद भारत में ऊष्ण कटिबंध की समाप्ति होती है और वर्षा ऋतु का आगमन मानसून के साथ होने लगता है.**

नौतपे को प्राय: गर्मियों के सर्वाधिक गर्म दिनों के रूप में जाना जाता है. लेकिन पिछले 4 सालों में नौतपा तपने के बजाय ठण्डा होता जा रहा है. इसका सीधा असर खरीफ की बोवनी और उसकी मिट्टी पर हो रहा है. साथ ही खरीफ की फसलों को भी यह प्रभावित कर रहा है.



**ब्यावरा.** गुरूवार को जिले का अधिकतम तापमान 43.3 डिग्री रहा. हवा और बादलो ने गर्मी से कुछ राहत दी.

### मई के पहले सप्ताह की बरसात कर रही नौतपे को कमजोर

आंकड़ों पर नजर डालें तो बीते 3 वर्षों से नौतपे ने मानसून का स्वागत नरमी के साथ किया है. यानी नौतपे के पहले 7 दिनों में औसत तापमान और नौतपे के दौरान 8 दिनों के औसत तापमान में काफी अंतर आ रहा है. नौतपे के पहले 7 दिनों में तापमान औसतन 40 डिग्री के ऊपर है जबकि नौतपे के दौरान यह 40 से कम आंका गया है. यानी पूरे 1 से डेढ़ डिग्री का अंतर आ रहा है. उल्लेखनीय है कि आज से तीन दिन बाद यानी 25 जून से नौतपे की शुरूआत होने वाली है. बीते 4 वर्षों की तरह नौतपे के ठीक पहले अच्छी गर्मी और लू ने अपनी रफ्तार बनाई है. लेकिन देखने वाली बात होगी कि यह रफ्तार नौतपे में कायम रहती है या नहीं. यहां हमने बीते 4 सालों के आंकड़ों पर गौर किया है और पाया कि नौतपे में अधिकतम तापमान काफी नीचे आ जाता है. वहीं अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 10 से 15 डिग्री का अंतर आ जाता है. नौतपे के पहले औसत तापमान और नौ तपे के दौरान औसत तापमान में भी अंतर दिखाई दे रहा है.

### खरीफ की बोवनी पर असर

नौतपे के दौरान तापमान में वर्ष दर वर्ष आने वाली नरमी से किसान चिंता में है. खरीफ की बोवनी के पहले जिस प्रकार से तपन मिट्टी को मिलनी चाहिए वह नौतपे के दौरान नहीं मिल पाती. इससे सोयाबीन सहित अन्य खरीफ फसलों की बोवनी प्रभावित हो रही है. कई जगह किसानों को बीज असफल होने की समस्या भी आती है.

**पिछले 4 सालों में नौतपे के दौरान तापमान की स्थिति**

| वर्ष | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 2022- | 44 .3 | 21 .5 |
| 2023- | 43 | 21 |
| 2024- | 46 .9 | 27 |
| 2025- | 41 | 20 .4 |

**अधिकतम और न्यूनतम ताप का औसतन अंतर**

| वर्ष | नौतपे से पहले | नौतपे के दौरान |
|---|---|---|
| 2022 | 43 .1/29 | 42 .2/27 .8 |
| 2023 | 38 .4/28 | 36 .6/26 .15 |
| 2024 | 41 .2/29 | 39 .1/28 .55 |
| 2025 | 38 .7/23 .2 | 35 .8/21 .3 |

**गुरूवार को जिले का तापमान 43 .3 डिग्री**

### रास्ता रोककर मारपीट के मामले में 5 लोगों को सश्रम कारावास

**ब्यावरा 21 मई, का.** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी युवराज दीक्षित द्वारा अपने आदेश में 20 मई को फैसला सुनाते हुए रास्ता रोककर मारपीट करने के मामले में सभी पांच अभियुक्त को 6 माह के सश्रम कारावास एवं 2 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है. इस प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी सहायक अभियोजन आलोक श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में राजेन्द्र सोनी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ब्यावरा द्वारा गई. फरियादी जगदीश दांगी द्वारा पुसि को शिकायत में बताया गया कि 20 नवंबर 2017 को सुबह करीब 8-9 बजे फरियादी अपनी मोटरसाइकिल से ब्यावरा खंदी मजदूरी लेने जा रहा थाा, तभी रास्ते में मांगीलाल मीना, दिनेश मीना व नवलसिंह मीना द्वारा उनका रास्ता रोका गया और सरपंच के चुनाव की रंजिश को लेकर उन्हें गंदी गालियां दी गयी. इसके पश्चात मांगीलाल द्वारा फरसी से फरियादी तथा नवलसिंह द्वारा लटठ से वार किया एवं दिनेश मीना द्वारा उन्हें कटटा दिखाया गया. कुछ समय पश्चात घटनास्थल पर भारतसिंह मीना व घनश्याम मीना भी आ गये और बद्रीलाल मीना द्वारा फरियादी को पीठ पर लटठ से मारा गया. साक्ष्य और कथनों के बाद न्यायालय ने सभी पांच अभियुक्त घनश्याम मीणा, भारतसिंह मीणा, दिनेश मीणा, नवलकिशोर उर्फ नवलसिंह मीणा एवं मांगीलाल मीणा को सजा सुनाई है.

# राजगढ़ में चाकू की नोक पर दो युवकों से लूट

## फिर से बदमाशों के निशाने पर जिला मुख्यालय




**मारपीट कर छीने महंगे मोबाइल, देर रात की वारदात से दहशत**

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 21 मई, का. शहर में देर रात चाकू की नोक पर दो युवकों से लूट की वारदात सामने आई है. बदमाशों ने पहले युवकों को रोककर उनके साथ मारपीट की और फिर चाकू दिखाकर उनके मोबाइल लूटकर फरार हो गए. घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है.**

जानकारी के अनुसार शाजापुर निवासी दीपक विश्वकर्मा अपने साथी सोनू के साथ 16 मई की रात करीब 12.30 बजे खिलचीपुर नाके से अस्पताल की ओर जा रहे थे. इसी दौरान कॉलेज के समीप दो अज्ञात लुटेरों ने उन्हें रोक लिया. आरोपियों ने दोनों युवकों को डराने के लिए चाकू निकाल लिया और विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी.

बदमाशों ने दीपक और उसके साथी से एक आईफोन 13 प्रो एवं एक सैमसंग कंपनी का मोबाइल छीन लिया. वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए. घटना के बाद पीड़ितों ने पुलिस को सूचना दी. देर रात हुई इस लूट की घटना ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं. पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है. वहीं युवकों से भी घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है.

*घटना में बदमाशों ने चाकू दिखा कर 2 युवकों के मोबाइल लूट लिए है. मामले की शिकायत पर एफ आई आर दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है.*

**मंजू मखेनिया,**
**कोतवाली प्रभारी राजगढ़**

### ऋण प्रकरणों में देरी बर्दाश्त नहीं

**राजगढ़ 21 मई, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय बैंकर्स एवं हितग्राहियों की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक (एलडीएम) सहित विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं हितग्राही उपस्थित रहे. बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि शासन की स्वरोजगार एवं वित्तीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है. उन्होंने निर्देश दिए कि सभी हितग्राहियों को ऋण प्रकरणों से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों, प्रक्रिया एवं कोलेटरल सिक्योरिटी संबंधी जानकारी एक ही बार में स्पष्ट रूप से उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें बार-बार बैंक के चक्कर न लगाने पड़ें. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने बैठक में उपस्थित हितग्राहियों से स्वयं संवाद कर उनकी समस्याओं एवं लंबित प्रकरणों की जानकारी ली. इस दौरान संबंधित बैंक शाखा प्रबंधकों को प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने तथा अनावश्यक विलंब नहीं करने के निर्देश दिए गए.

# व्यापारी की कार और मोबाइल लेकर फरार कर्मचारी धराया

## कार लेकर हुआ था फरार, पुलिस ने मोबाइल लोकेशन से ट्रैस किया

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 21 मई,का. नगर के व्यापारी फनिराज मूंदड़ा के बेटे की देखरेख के लिए तैनात कर्मचारी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया. कर्मचारी एक दिन पूर्व व्यापारी की कार और मोबाईल लेकर फरार हो गया था. पुलिस ने उसकी मोबाईल लोकेश को ट्रेस करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है.**

उल्लेखनीय है कि नगर के व्यापारी फनिराजदास मूंदड़ा ने अपने बेटे हितेश के स्वास्थ्य की देखभाल हेतु उक्त कर्मचारी रखा था. कर्मचारी की विश्वसनियता को ध्यान में रखते हुए श्री मूंदड़ा ने विशाल राठौर नामक उक्त कर्मचारी को भोपाल की एक हेल्थ केयर कंपनी के माध्यम से हायर किया था. घटना 16 मई की है.

दोपहर के समय आरोपी विशाल राठौर हितेश मूंदड़ा का मोबाईल लेकर उनके एक कर्मचारी से कार की चाबी यह कहकर ले गया कि मूंदड़ा जी के मेहमान को लेने जा रहा हूं. चंद मिनिट में ही विशाल कार लेकर फरार हो गया. युवक टाटा ग्लांजा नामक करीब 10 लाख रूपये कीमत की गाड़ी जिसका नंबर एमपी09/डब्ल्यू एच 6857 है ले भागा. साथ में वह करीब एक लाख रूपये कीमत का मोबाईल भी चोरी कर ले गया.

### मंदिर से दानपेटी चोरी, एक लाख का माल उड़ाया बदमाशों ने

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 21 मई, का.** बदमाशों की नजर लगातार अंचल के मंदिरो पर है. आए दिन कहीं ना कहीं मंदिरों में चोरी की घटनाएं सामने आ रही है. मामला ब्यावरा तहसील में ग्रामीण ग्राम तलावड़ा में सामने आया है. यहां बदमाशों ने मंदिर से दानपेटी चोरी कर ली. बताया जा रहा है कि दानपेटी में करीब एक लाख रूपए की दान राशि थी. जानकारी के अनुसार गांव के अमर सिंह दांगी ने पुलिस को अपनी रिपोर्ट में बताया कि वे रोज की तरह बीत रात 9 बजे मंदिर के पट बंद कर भगवान का शयन कराकर अपने घर चले गए थे. इसके बाद बदमाशों ने मंदिर के गेट का ताला चटकाकर वहां रखी दानपेटी में से राशि की चोरी कर ली. सुबह जब वे मंदिर पहुंचे तो चोरी का पूरा मामला समझ आया. उन्होंने तत्काल ग्रामीणों और पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने मौका मुआयना किया. मामले को जांच में लिया है. पुलिस ने मामले में ग्रामीणों से पूछताछ की है. ग्रामीणों ने जल्द आरोपियों को पकड़ने की मांग की है.

# यज्ञ से पहले संयम, सेवा का संकल्प

नवभारत न्यूज

**पडाना 21 मई, सं.** समीप ग्राम चतरूखेड़ी में चल रहे 5 दिवसीय श्रीराम पंचकुंडी महायज्ञ का शुभारंभ श्रद्धा और वैदिक विधि-विधान के साथ प्रारंभ हुआ. सबसे पहले यज्ञाचार्य पंडित दीपक शर्मा ने जजमानों से विघ्नहरण गणेश जी का पूजन किया ताकि अनुष्ठान निर्विघ्न संपन्न हो. इसके बाद पुण्याहवाचन और नांदीश्राद्ध कर यज्ञ स्थल को शुद्ध किया गया. वैदिक मंत्रों के साथ यजमान और ॠत्विजों को मंडप में प्रवेश कराया गया.

महायज्ञ में पांच कुंड बनाए गए हैं प्रधान कुंड, आचार्य कुंड, चंद्र कुंड, सूर्य कुंड और पदम कुंड. यज्ञाचार्य पंडित दीपक शर्मा सहित अन्य विद्वान पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अग्नि प्रज्वलित कर प्रत्येक कुंड में अग्नि की स्थापना की. प्रत्येक कुंड पर अलग-अलग यजमान अपनी धर्मपत्नी के साथ बैठे और आहुति प्रदान की. यजमानों से संकल्प कराया गया कि वे पूरे यज्ञ काल तक व्रत, संयम और सेवा का पालन करेंगे.

यज्ञाचार्य ने गायत्री मंत्र और श्रीराम जय राम जय राम मंत्र से प्रथम आहुति करवाई. गायत्री मंत्र और श्रीराम मंत्र का संकल्पित जप भी शुरू किया गया. **यज्ञ के साथ ही श्रीराम कथा-** कथावाचक पंडित श्री लोकेंद्र त्रिवेदी महावीर आश्रम भेसाना के मुखारविंद से चल रही दोपहर 1 से 4 तक भगवान राम के चरित्र और त्याग की महिमा का वर्णन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया.

वैदिक मंत्रोच्चार और हवन की सुगंध से पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया. इस मौके पर प्रथम दिवस स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल कथा श्रवण में पहुंचे. इस अवसर पर प्रधान यजमान सहित अन्य जजमान उपस्थित रहे. आयोजक समिति द्वारा नगर सहित ग्रामीण अंचल धार्मिक श्रद्धालुओं अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की गई है.



**समीक्षा** ▶ **गेहूं उपार्जन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने दिखाई नाराजगी, परिवहन में देरी पर कार्यवाही की**

# जिले की 13 सोसायटियों में ट्रकों के चालान पेंडिंग, नोटिस जारी

**आवक ज्यादा और परिवहन की चाल सुस्त 13 सोसायटियो में परिवहन के लिए तैनात 17 ट्रकों के चालान पेंडिंग पाए गए**

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 21 मई, का. जिले में गेहूं का उपार्जन काफी जोरों पर है. किसानों के पंजीयन और बम्पर आवक के बीच औसत से अधिक परफॉरमेंस सबको खुश कर रही है. लेकिन गेहूं के परिवहन की सुस्त चाल ने जिला कलेक्टर को खासा नाराज कर दिया है.**



कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिले में चल रहे गेहूं उपार्जन, परिवहन एवं भंडारण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई.

समीक्षा के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने भानपुरा सोसायटी में 17 ट्रक चालान लंबित पाए जाने तथा जिले की 13 सोसायटियों में ट्रक चालान पेंडिंग होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित चालानों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा परिवहन कार्य में तेजी लाई जाए. उन्होंने स्पष्ट कहा कि उपार्जन एवं परिवहन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

बैठक में भगवाज सोसायटी का सत्यापन नहीं किए जाने पर जीएम सीसीबी को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा भाटखेड़ा सोसायटी का सत्यापन लंबित पाए जाने पर जेएसओ खिलचीपुर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए.

### वेयर हाउस मामले में जांच दल गठित, मैनेजर को हटाया

बैठक में ब्यावरा स्थित यादव वेयरहाउस में गेहूं खराब होने की सूचना पर भी कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की. उन्होंने वेयरहाउस प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए तथा मामले की जांच हेतु संयुक्त जांच दल गठित किया. जांच दल में उपसंचालक कृषि, जिला खाद्य अधिकारी एवं वेयरहाउस प्रबंधक को शामिल किया गया है. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए कि जांच दल एक दिवस में जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करे. इसके साथ ही कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने ब्रांच मैनेजर वेयर हाउस कार्पोरेशन ब्यावरा संजय दांगी को तत्काल हटाने के निर्देश दिए.

### जिला विपणन अधिकारी पर कार्यवाही

इसके साथ ही कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जिला विपणन अधिकारी के लगातार बैठकों से अनुपस्थित रहने एवं बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने को गंभीरता से लेते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई हेतु संभागायुक्त को पत्र लिखने के निर्देश दिए.

### चलित पशु चिकित्सालयों की कार्यप्रणाली में सुधार लाएं

**राजगढ़ 21 मई, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले में संचालित चलित पशु चिकित्सालयों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में चलित पशु चिकित्सालय वाहनों द्वारा लंबित छोड़े गए प्रकरणों पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण लिया. उन्होंने निर्देश दिए कि जिस भी पंचायत में चलित पशु चिकित्सालय पहुंचे, वहां के सचिव से पंचनामा तैयार कराया जाए तथा वैक्सीनेशन, आर्टिफिशियल इन्सेमिनेशन एवं पशु उपचार से संबंधित प्रकरणों को संबंधित चिकित्सक को बुलाकर अनिवार्य रूप से मौके पर अटेंड कराया जाए. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग को संपूर्ण कार्य की विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए.